# Ranchi Women's College
# NEWS LETTER
## JUNE 2022






## *Principal's Message*

It is a matter of great pride and satisfaction for Ranchi Women's College, Ranchi to bring out this Newsletter. For the past decades, the institution has made great progress, breaking newer grounds in almost every area of Education, academic as well as non-academic. I believe that education is far beyond the precincts of classroom today. It should be constructive and hopeful in building a better world for us. Hence, our institution keeps highlighting social issues and global concerns among our students.

The past months spanning from Jan 2022 to June 2022 were dotted with eventful activities like Graduation Ceremony, Sports Day, Literary and Cultural activities organized by enthusiastic, sincere and able team of teachers and students. This Newsletter presents the mosaic of colourful events which bears the testimony of Ranchi Women's College's commitment towards excellence.

I believe this issue of the Newsletter would certainly augment capacity building in academic and Non-Academic ventures alike. I congratulate the Editoral Board for their sincere effort and excellent - teamwork who worked tirelessly for months together to complete this herculean task with perfection. Also my heartfelt appreciation and gratitude to all the staff members and students for their effort and contribution.

With Best Wishes

Dr. Shamshum Nehar
Principal,
Ranchi Women's College, Ranchi

Scanned with CamScanner

## Credits:

*Patron:*
Dr.Shamshun Nehar,
Principal,
Ranchi women's College

*Editor :*
Dr.Supriya,
Associate Professor,
PG department of English,
Ranchi women's College

*Sub-Editor :*
1. Dr. Kumari Urvashi,
Assistant professor,
PG department of Hindi,
Ranchi women's College
2. Dr. Kiran Tiwari,
Assistant professor
PG department of Hindi,
Ranchi women's College

## Youth Festival
**26.02.2022- 04.3.2022**

The Youth Festval organized during the period of 26.02.2022- 04.3.2022 brought back life and

colour in the college campus afer the stunted period of the raging COVID-19 pandemic.

**Some glimpses of Youth Festval**









## Editorial Note

The college campus was reopened for the students after the winter vacation in January, 2022, albeit the COVID-19 threats still not completely cleared. The academic activities resumed in the hybrid mode of teaching-learning process. While the pending End-Semester examinations process of different batches started in an offline mode, regular classes were conducted through a mixture of online and offline modes as per the needs of the students. The period of January to June of this year emerged as an occasion of pride for the Examination Department of our college for successful conduct of multiple End-Semester examinations and publication of results for the final year students of both UG and PG.

Normalcy limped back for students with activities like organization of online Suryanamaskar, following the COVID-19 protocol, on the 14th of January. Subsequently, with the advantage of physical presence of students in the campus, the Placement Cell of our college continued its efforts with renewed energy, especially in the task of training the needy students with a focus on improving their employability.

After the unfortunate compulsion of an extended subdued atmosphere, the college campus reverberated with the energy and enthusiasm of the students back into the campus. The annual Youth Festival provided a platform for the students to showcase their creative talents as well as intellectual acumen. The festival proved to be a grand opportunity for the students to perform in a competitive format together with friendly fun and laughter.

After a gap of two years, our college resumed the annual sports tournaments culminating into celebrating the College Sports Day on 03.3.2022. The huge gathering at the college playground was witness to remarkable sporting feats of several promising athletes and budding sportswomen. Dr Kamini Kumar, Vice-chancellor, Ranchi University, Mr. P.M. Prasad, CMD, CCL & BCCL and Dr. Raj Kumar Sharma, Dean, Students Welfare, Ranchi University, graced the occasion as guests of honour in different events. Adding to the atmosphere of fun and frolic, the teaching and non-teaching staff also participated in special competitions organized for them.

On the 13th of May, 2022, the graduating students were showered with good wishes and blessings during the much awaited Second Graduation Ceremony of the college as an autonomous constituent unit of Ranchi University. Due to COVID-19 protocol constraints the ceremony had to be spread into two days. On the first day, seventy-four students received gold medals and among them fifteen students were awarded with the Best Graduate medals. The Honorable Governor cum-Chancellor of Universities, Shri Ramesh Bais, graced the occasion as the Chief Guest of the ceremony. The graduating students were also blessed by the Vice-Chancellor of Ranchi University and several dignitaries of the university besides the Ranchi Women's College family.

The much-awaited Undergraduate Program of Fine Arts is scheduled to start at the earliest after the approval granted by the Academic Council of Ranchi Women's College in the meeting held in the month of June. Following the instructions issued by the Ranchi University, our college is also preparing for the implementation of National Education Policy (NEP), 2020 from the session 2022 onwards for the Undergraduate programs.

With best wishes and regards,
Dr. Supriya



Scanned with CamScanner

# Other Activities

## Ranchi Women's College Celebrates the 73rd Republic Day on 26 January 2022





### 7 फरवरी 2022

रांची विमेंस कॉलेज, रांची में 2021 से 2023 सत्र की स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए आज इंडक्शन/ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची विमेंस कॉलेज के आर्ट्स ब्लॉक की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ फूलमणि धान तथा साइंस ब्लॉक की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ आभा प्रसाद ने किया। छात्राओं को कॉलेज से परिचय के तहत कॉलेज में मिलने वाली हर सुविधा की जानकारी दी गई साथ ही शिक्षिकाओं से परिचय कराया गया। छात्राओं को मेंटर्स, आईडी कार्ड, टाइम टेबल समेत सभी जानकारियां दी गई। एंटी रैगिंग, सेक्सुअल हैरेसमेंट, स्टूडेंट्स वेलफेयर, स्पोर्ट्स करिक्कुल्म, स्कॉलरशिप समेत अन्य विषयों की जानकारी दी गई। हॉस्टल, मेस, लाइब्रेरी, विमेंस सेल, प्लेसमेंट सेल, स्मार्ट क्लास रूम, लैंग्वेज लैब, एनुअल अवॉर्ड, स्टूडेंट्स पैनल की जानकारी के बाद छात्राओं से सवाल जवाब किए गए।

## पीजी सेमेस्टर वन की छात्राओं का हुआ इंडक्शन मीट



रांची वीमेंस कालेज में पीजी सेमेस्टर वन की इंडक्शन कक्षा में छात्राएं • जागरण

जासं, रांची : रांची वीमेंस कालेज के पीजी सेमेस्टर 1 की छात्राओं का इंडक्शन मीट हुआ। सत्र 2021-23 की करीब 250 छात्राएं इस दौरान मौजूद रहीं। यहां प्रो डा. फूलमनी धान और डॉ आभा प्रसाद ने सभी छात्रों को कालेज के नियम कानून के बारे जानकारी दी। साथ ही अनुशासित तरीके से क्लास करने की भी बात कही। रांची वीमेंस कालेज, रांची में 2021 से 2023 सत्र की स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए इंडक्शन ओरियंटेशन साथ ही शिक्षिकाओं से परिचय कराया गया। छात्राओं को अनुशासन का पाठ सिखाया गया और कालेज की शिक्षा के साथ चलने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। जिसके तहत खेलकूद, एनएसएस, एनसीसी तथा अन्य कार्यक्रमों के बारे में छात्राओं को दिशा निर्देश दिए गए। नए छात्रों के लिए शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। जिस वजह से यह ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ कुमारी उर्वशी ने बताया कि



Scanned with CamScanner

## 15 फरवरी 2022



राष्ट्रीय सेवा योजना, रांची विमेंस कॉलेज, रांची ने रांची विश्वविद्यालय के निर्देशन में 'राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव' के आयोजन के तहत पांच अलग विषयों पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ कुमारी उर्वशी और डॉ कुमारी भारती सिंह के द्वारा गूगल मीट ऐप पर ऑनलाइन किया गया।

## 28 फरवरी 2022



दिनांक 28 फरवरी 2022 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर रांची विमेंस कॉलेज के साइंस ब्लॉक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साइंस ब्लॉक की प्रोफेसर इंचार्ज डॉ आभा प्रसाद ने की। उन्होंने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम आइक्यूएसी की को-ऑर्डिनेटर डॉ शोभना, डॉ स्निग्धा, डॉ सोमा रॉय, डॉ नंदा, डॉ नम्रता, डॉ सुप्रिया के निर्देशन में आयोजित हुआ। विज्ञान एवं वोकेशनल कोर्स की छात्राओं ने पोस्टर और मॉडलों के माध्यम से विज्ञान की प्रगति को दर्शाया। विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में हर साल 28 फरवरी को भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है। इस बात को रांची विमेंस कॉलेज की छात्राओं ने अपने पोस्टर और मॉडलों के द्वारा जाहिर किया। विज्ञान के बिना विकास की राह में तीव्रता से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। विज्ञान से गलत धारणा और अंधविश्वासों का विनाश होता है। विज्ञान और तकनीक को प्रसिद्ध करने के साथ ही देश के नागरिकों को इस क्षेत्र में मौका देकर नई ऊँचाइयों को हासिल करना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। पोस्टर मेकिंग तथा विज्ञान की प्रगति को मॉडलों से दर्शाने में लगभग 65 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## Sports Day: 03.3.2022

दिनांक 3 मार्च 2022 को रांची विमेंस कॉलेज ने वार्षिक खेलकूद उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद, रांची वि.वि. के कुलपति डॉ कामिनी कुमार, रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ राजकुमार शर्मा तथा पार्षद रोशनी खलखो मौजूद रहे। सभी प्रतियोगिताओं की समाप्ति के बाद विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंत में स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर, रांची विमेंस कॉलेज, डॉ सुरभि साहू ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।



Sports Day being declared open in the presence of CMD, CCL and BCCL.



Dr. Kamini Kumar, Vice-Chancellor of Ranchi University being escorted to the field with traditional welcome dance.



Scanned with CamScanner




The winners were felicitated with medals and mementoes.



The Department of Economics was declared as the Over-all Champion of the Sports events.

## 7 मार्च 2022

प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर काव्य पाठ और संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन का विषय रहा 'बेहतर कल के लिए भारतीय समाज में लैंगिक समानता की जरूरत'। डॉ कुमारी उर्वशी ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि महिलाओं को सम्मान और प्यार देने को लेकर समाज के लोगों को जागरूक करने और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने जैसी चीजों को ध्यान में रखकर ही अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। साक्षी कुमारी, अमरीन अनवर, दिव्या कुमारी, रूखसाना परवीन ने लैंगिक समानता पर अपने विचार रखें। प्रिया रत्नम, एल्विन एक्का ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में 25 छात्राएं शामिल हुई।



## दिनांक 8 मार्च 2022

प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी भारती सिंह द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता रैली की थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रखा गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय और परिवार कल्याण मंत्रालय एवं मानव संसाधन विकास की एक संयुक्त पहल के रूप में समन्वित और अभिसरित प्रयासों के अंतर्गत बालिकाओं को संरक्षण और सशक्त करने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत 22 जनवरी, 2015 को की गई है और जिसे निम्न लिंगानुपात वाले 100 जिलों में प्रारंभ किया गया है। भारत की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है पर सबसे अधिक दुर्भाग्य की बात ये है कि बढ़ती जनसंख्या के बावजूद लडकियों का अनुपात घटता जा रहा है। भारत की 2001 की जनगणना के अनुसार, हर हजार लड़कों पर 927 लड़कियाँ थी, हालांकि 2011 की जनगणना में यह आंकड़ा 943 हुआ है। यही वजह है कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता बढ़ जाती है। कार्यक्रम में लगभग 30 छात्राएं उपस्थित थीं।



## 8 मार्च 2022

प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य देते हुए प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार ने कहा कि आज हम महिला दिवस मनाते हुए यह यह प्रण करें की समाज से लैंगिक भेदभाव मिटाकर रहना है। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं के मामलों में शासन की गतिविधियों में कमी को पूरा करने और अंतर मंत्रालयी व अंतर क्षेत्रीय समग्रता को संवर्धित करने की दृष्टि से एक पृथक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का गठन किया गया है। महिलाओं और बच्चों के अधिकारों और चिंताओं पर काम करना और उनकी उत्तरजीविता, सुरक्षा, विकास और भागीदारी सुनिश्चित करना मंत्रालय के प्राथमिक कर्तव्य है।

इसका लक्ष्य है सशक्त महिलाएं सम्मान सहित जीएं और हिंसा व भेदभाव से मुक्त वातावरण में प्रगति में बराबर योगदान दें। साथ ही, सुपोषित बालक जिन्हें सुरक्षित और देखभाल भरे माहौल में पनपने और विकसित होने के पूरे अवसर उपलब्ध हों। सुस्पष्ट नीतियों और कार्यक्रम, मुख्यधारा लैगिंक धारणाओं, और उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के जरिए महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकारण को बढ़ावा देना, उनमें अपने मानवाधिकारों की प्राप्ति और अपनी पूरी क्षमता तक विकसित होने की सक्षमता पैदा करने हेतु संस्थानिक और विधायी सहयोग उपलब्ध कराना।


विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित नीतियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से बालकों के विकास, देख-रेख और सुरक्षा को सुनिश्चित करना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शिक्षा, पोषण, संस्थानिक एवं विधायी सहायता तक पहुंच बनवाना ताकि वे अपनी पूरी क्षमता तक विकसित हो सकें। इसके अलावा कई सरकारी संगठन तथा ऐप हैं जो महिलाओं की सुरक्षा के लिए निर्मित हैं। मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित वक्ता:-डॉ नम्रता महासरिया (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट), ने स्तन कैंसर की जानकारी और इससे बचाव पर संवाद स्थापित किया। अगर इसके संकेतों के बारे में बात करें, तो आपको स्तन में गांठ, निप्पल के आकार या स्किन में बदलाव, स्तन का सख्त होना, निप्पल से रक्त या तरल पदार्थ का आना, स्तन में दर्द, स्तन या निप्पल पर त्वचा का छिलना, अंडर आर्म्स में गांठ होना स्तन कैंसर के कुछ संकेत हैं। उन्होंने बताया कि शरीर के किसी अंग में होने वाली कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि, कैंसर का प्रमुख कारण होती है। शरीर की आवश्यकता अनुसार यह कोशिकाएं बंट जाती है, लेकिन जब यह लगातार वृद्धि करती हैं तो कैंसर का रूप ले लेती हैं। इसी प्रकार स्तन कोशिकाओं में होने वाली अनियंत्रित वृद्धि, स्तन कैंसर का मुख्य कारण है। कोशिकाओं में होने वाली लगातार वृद्धि एकत्र होकर गांठ का रूप ले लेती है, जिसे कैंसर ट्यूमर कहते हैं।

श्रीमती स्वाति सुराम्या (ब्रेस्ट कैंसर सरवाइवर) लेखक, ब्लॉगर ने कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित किया।

मिस प्रिया (कैंसर सरवाइवर और रांची विमेंस कॉलेज की छात्रा) ने भी आपबीती सुनाई। सहजीन इरम, जर्नलिस्ट हैं। इन्होंने अपने जर्नलिस्ट से एक्टिविस्ट बनने के सफर को साझा किया। संगीत विभाग की मृणालिनी अखौरी तथा टीम द्वारा कुल गीत तथा शक्ति का नाम ही नारी है गीत प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 की ओर से एक लघु नाटिका की प्रस्तुति तथा काजल शर्मा की ओर से शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया। हर साल अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस किसी न किसी थीम पर आधारित होता है और इस बार का विषय है- एक स्थायी कल के लिए आज लैंगिक समानता जरूरी।

पिछले कुछ समय से दुनियाभर में लैंगिक समानता को लेकर काफी चर्चाएं हो रही हैं। लोग इस विषय पर काफी सचेत हो गए हैं लेकिन अभी काफी कुछ होना बाकी है जिसके लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता है। महिलाओं को सम्मान और प्यार देने को लेकर समाज के लोगों को जागरूक करने और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने जैसी चीजों को ध्यान में रखकर ही अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाओं के हौसलों को बुलंद करने और समाज में फैले असमानता को दूर करने के लिए इस दिन का काफी महत्त्व है। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर किरण तिवारी, डॉ नेहा कौर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ सुषमा दास गुरु,

डॉ पुष्पा सिंह, डॉ सीमा प्रसाद, डॉ मीरा कुमारी, डॉ नीता सिंह, डॉ पूनम धान, डॉ विजयेता, डॉ रफत जहां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने हिस्सेदारी की।


















समाज से लैंगिक भेदभाव मिटाना आवश्यक

## रांची वीमेंस कॉलेज

रांची वीमेंस कॉलेज में एनएसस की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हुआ. प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार ने कहा कि समाज से लैंगिक भेदभाव मिटाना है. मुख्य अतिथि डॉ नम्रता महासरिया (सर्जिकल आंकोलॉजिस्ट) ने स्तन कैंसर की जानकारी दी. स्वाति सुराम्या (ब्रेस्ट कैंसर सर्वाइवर) ने ऑनलाइन संबोधित किया. मिस प्रिया (कैंसर सर्वाइवर) ने भी अनुभव साझा किये. कार्यक्रम का संचालन डॉ किरण तिवारी, डॉ नेहा कौर ने किया.

## वीमेंस कॉलेज : लैंगिक भेदभाव खत्म होने से ही महिला सशक्तीकरण

वीमेंस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. एस नेहार ने कहा कि लैंगिक भेदभाव से खत्म हो जाएगा। मौके पर डॉ. नम्रता महासरिया, स्वाति सुराम्या आदि मौजूद थे।

## 09 मार्च 2022

प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी, कनेक्टिंग होप संस्था तथा रिम्स प्रबंधन के सहयोग से 9 मार्च 2022 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से रांची विमेंस कॉलेज के साइंस ब्लॉक के हॉल में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने किया। रांची विमेंस कॉलेज की एनसीसी समन्वयक लेफ्टिनेंट डॉक्टर किरण तिवारी ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। लगभग 150 छात्राओं ने अपना ब्लड ग्रुप तथा हीमोग्लोबिन चेक करवाया।



### वीमेंस कॉलेज में लगा कैंप, 21 छात्राओं ने किया ब्लड डोनेट



#### 150 छात्राओं ने ब्लड ग्रुप व हीमोग्लोबिन चेक कराया

ranchi@inext.co.in

RANCHI (9 March): रांची वीमेंस कालेज की प्राचार्या डा शमशुन नेहार के निर्देश पर एनएसएस इकाई 01 की प्रोग्राम अफसर डा कुमारी उर्वशी, कनेक्टिंग होप संस्था व रिम्स प्रबंधन के सहयोग से साइंस ब्लाक हाल में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया. अध्यक्षता रांची यूनिवर्सिटी की एनएसएस इकाई के समन्वयक डा ब्रजेश कुमार ने की. कालेज की एनसीसी समन्वयक लेफ्टिनेंट डा किरण तिवारी ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग दिया. रिम्स से आई टीम में डा अमृता, वीणा कुमारी, सत्य ज्योति, मिजोरम टोपनो, आकाश टोपनो शामिल थे जबकि कनेक्टिंग होप संस्था की राधा सिंह का सहयोग रहा. डा ब्रजेश कुमार ने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का कार्य है. स्वस्थ लोगों द्वारा किए गए रक्तदान का उपयोग जरूरतमंदों को खून चढ़ाने के लिए किया जाता है. जीव[illegible] लिए खून की जरूरत पड़ती[illegible] रक्तस्राव, प्रसवकाल और आपरेशन में इसका उपयोग होता है. थेलेसिमिया, ल्यूकिमिया, हीमोफिलिया जैसे रोगों से पीड़ित के शरीर को भी बार बार रक्त की जरूरत होती है. कैंप में करीब 150 छात्राओं ने अपना ब्लड ग्रुप तथा हिमोग्लोबिन चेक कराया.

4/10

#### इन्होंने किया ब्लड डोनेट

कैंप में चारूबाला कुमारी, रिया कुमारी, कुसुम कुमारी, नेहा परवीन, रुचिका साहू, प्रियांजलि, अंजली कुमारी, श्वेता गारी, कुमुद राज, प्रिया कुमारी, अंजली मिश्रा, दीपशिखा, रितु तिवारी, सोनाली, निशा केसरी, कल्याणी, मुस्कान, निवेदिता सिंह, अर्चना सिंह, रीमा हालदार, आयुषी कुमारी ने रक्तदान किया.

### रांची वीमेंस कालेज के शिविर में 21 ने किया रक्तदान

जासं, रांची : रांची वीमेंस कालेज की प्राचार्या डा. शमशुन नेहार के निर्देश पर एनएसएस इकाई 01 की प्रोग्राम अफसर डा. कुमारी उर्वशी, कनेक्टिंग होप संस्था व रिम्स प्रबंधन के सहयोग से साइंस ब्लाक हाल में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। रांची यूनिवर्सिटी की एनएसएस इकाई के समन्वयक डा. ब्रजेश कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। शिविर मे 21 छात्राओं ने रक्तदान किया। वहीं, करीब 150 छात्राओं ने अपना ब्लड ग्रुप तथा हिमोग्लोबिन जांच कराई। कार्यक्रम के आयोजन मे कालेज की एनसीसी समन्वयक लेफ्टिनेंट डा. किरण तिवारी ने सहयोग दिया। वहीं, रिम्स की टीम मे डा. अमृता, वीणा कुमारी, सत्य ज्योति, मिजोरम टोपनो व आकाश टोपनो शामिल थे। शिविर की सफलता मे कनेक्टिंग होप संस्था की राधा सिंह का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा। डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का कार्य है।



### कैंपस 30S




वीमेंस कॉलेज के साइंस ब्लॉक में बुधवार को रक्तदान शिविर लगाया गया, इसमें कई छात्रों ने रक्तदान किया और हिमोग्लोबिन की जांच कराई।

## 14 अप्रैल 2022

प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में रांची विमेंस कॉलेज, रांची की राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई एक की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी ने डॉ अंबेडकर तथा महावीर जयंती के अवसर पर गुरुवार 14.04.2022 को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसका विषय था 'डॉक्टर अंबेडकर और भगवान महावीर के विचारों में भारत'। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रेयसी चेल, जूलॉजी की छात्रा को, द्वितीय स्थान काजल कुमारी एमसीए की छात्रा को तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से एब्लीन एक्का एम ए हिंदी की छात्रा तथा श्रेया झा, राजनीति शास्त्र की छात्रा को मिला। पोस्टर प्रतियोगिता में 45 छात्राओं ने हिस्सा लिया।











पोस्टर प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रही श्रेयसी



वीमेंस कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता, श्रेयसी प्रथम

रांची। रांची वीमेंस कॉलेज की एनएसएस इकाई की ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी के नेतृत्व में डॉ आंबेडकर और महावीर जयंती पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। पोस्टर प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों की 45 छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसमें प्रथम स्थान जुलॉजी विभाग की श्रेयसी चेल को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान काजल कुमारी और तृतीय स्थान राजनीति शास्त्र विभाग की श्रेया झा को प्राप्त हुआ। प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार ने सभी प्रतिभागियों को


पोस्टर मेकिंग में दिखाया दम श्रेयसी काजल व श्रेया अव्वल


डा आंबेडकर का जीवन सफलता की अदभुत मिसाल

जासं, रांची : रांची वीमेंस कालेज की प्राचार्या डा शमशुन नेहार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 की प्रोग्राम अफसर डा कुमारी उर्वशी ने डा आंबेडकर तथा महावीर जयंती पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। विषय था डा आंबेडकर और भगवान महावीर के विचारों में भारत...। भगवान महावीर जयंती के साथ ही भीमराव आंबेडकर जयंती



22 April 2022: The NCC Cadets of RWC took up the task of cleaning the Karamtoli tank and took the oath of maintaining cleanliness and undertake awareness drives for a clean environment.




25 April 2022: Cadets at the farewell meeting organized for the seniors.

## 21.जून.2022

8 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राँची महिला महाविद्यालय के प्रांगण में योग दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या के संरक्षण में प्राचार्या सहित शिक्षिकाएं एवं छात्राओं ने भाग लिया। योग शिक्षिका श्रीमती किरण प्रसाद ने योग सिखलाया। योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आसनों को किया गया एवं आसन प्राणायाम एवं मेडिटेशन की प्रकिया के लाभ को बताया गया। योग ही स्वस्थ जीवन का आधार है, इसके द्वारा आध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है। आंतरिक शक्ति का विकास होता है। हम शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। विद्यार्थी जीवन में योग का पथिक बनना समुन्नति का मार्ग है। महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ शमशुन नेहार जी ने अपनी वाणी में छात्राओं को योग मेडिटेशन पर चलने का दिशा निर्देश दिया। डॉ कुमारी भारती सिंह जी का योग दिवस के कार्यक्रम में सहयोग रहा। योग दिवस के अवसर पर 17 एवं 18 जून को संगोष्ठी का आयोजन, निबन्ध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन NSS की इकाई 2 और 3 के द्वारा किया गया था।





## 23.जून.2022

दिनांक 23.06.2022 को राँची विमेंस कॉलेज की एकेडमिक काउंसिल की बैठक प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार की अध्यक्षता में हुई जिसमें डॉ अभिजीत दत्ता, डॉ संजय मिश्रा, यूनिवर्सिटी नॉमिनी, डॉ फिरोज अहमद, डॉ के श्यामला, श्री पुनीत पोद्दार, डॉ आर सी मिश्रा एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में चार वर्षीय फाइन आर्ट्स डिग्री कोर्स प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गयी। सोशियोलॉजी विषय के पाठ्यक्रम में क्रिमिनोलॉजी को शामिल करने की सहमती दी गयी। जापानी भाषा की पढ़ाई प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गयी। मार्शल आर्ट्स एवं मोटर ड्राइविंग स्किल, स्किल डेवलपमेंट कोर्स को प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। साथ ही डिप्लोमा इन फोटोग्राफी एवं फिल्म मेकिंग के पाठ्यक्रम अगले सत्र से चालू करने की स्वीकृति दी गयी। कार्यक्रम की मेम्बर सेक्रेटरी डॉ विनीता सिंह थी।



## Graduation Ceremony




The principal of Ranchi Women's College, Dr. Shamshun Nehar, welcomes the dignitaries and students at the 2nd Graduation Ceremony held on 13.5.2022



Chanting of Kul-Geet at the opening of the 2nd Graduation ceremony of RWC




Release of the souvenir of the 2nd Graduation Ceremony of RWC Some treasured glimpses:

## NSS

12.01.2022: All the three units of NSS Units of Ranchi Women's College organized a webinar to celebrate the birth anniversary of Swami Vivekanand marked as the National Youth Day.






24.01.2022: All the three Units of NSS celebrated National Girl Child Day with an Online organization of various competitive activities like Essay writing, Speech competition, Poetry Writing and Poster Making on the topic "बालिका सशक्तीकरण, राष्ट्र की उन्नति में सहायक".

# बहुमूल्य उपहार हैं

## वीमेंस कॉलेज में भाषण, निबंध, पोस्टर मेकिंग

**रांची.** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रांची वीमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ने भाषण, निबंध, काव्य व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की. बालिका सशक्तीकरण, राष्ट्र की उन्नति में सहायक विषय पर ऑनलाइन प्रतियोगिता हुई. इनमें 150 छात्राओं ने हिस्सा लिया. प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में हुई प्रतियोगिता में छात्राओं को अहम जानकारी दी गयी. मौके पर डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ भारती सिंह, डॉ सुरभि श्रीवास्तव मौजूद थीं.




- **भाषण** : प्रथम गुड़िया कुमारी, द्वितीय नैंसी कुमारी, तृतीय शिवानी कुमारी. **निबंध** : प्रथम एवलिन एक्का, द्वितीय गुरिया कुमारी व साक्षी कुमारी, **तृतीय** : कुसुम तिग्गा व काजल कुमारी. **काव्य लेखन** : प्रथम श्रेयसी चेल, द्वितीय शालिनी कुमारी, तृतीय कुमारी अंशु
- **पोस्टर मेकिंग** : प्रथम कृति, द्वितीय सानिया सिन्हा, तृतीय अंकिता गुप्ता व कुमारी सारथी .

A large number of students participated with enthusiasm in the Online program of Surya Namaskar conducted by the NSS Unit 1, RWC.

## वीमेंस कॉलेज की छात्राओं ने किया सूर्य नमस्कार



**रांची.** मकर संक्रांति के अवसर पर रांची वीमेंस कॉलेज की एनएसएस यूनिट-01 की सदस्यों ने सूर्य नमस्कार किया. प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी ने कोविड-प्रोटोकॉल के तहत ऑनलाइन सूर्य नमस्कार आयोजित किया था. इसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.







10.02.2022: The NSS Units constituted a Red Ribbon Club in Ranchi Women's College. It is a global symbol to express solidarity with people living with HIV and AIDS. The club is constituted with an aim to create awareness and unite the people in the fight against the disease.

## वीमेंस कॉलेज में रेड रिबन क्लब गठित

रांची | वरीय संवाददाता

रांची महिला कॉलेज में प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार के निर्देशन में एनएसएस इकाई एक, दो और तीन की ओर से रेड रिबन क्लब का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस यूनिट वन की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी उर्वशी ने किया। उन्होंने बताया कि रेड रिबन एक प्रतीकात्मक चिन्ह है, जो एचआईवी के विरुद्ध संघर्षरत लोगों की एकता को दर्शाता है।


रेड रिबन एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति हमारी सहृदयता का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने की। रेड रिबन क्लब के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में अपने साथी के प्रति सम्मान की भावना पैदा करना और जीवन में उत्तरदायित्वपूर्ण व्यवहार को अपनाने पर जोर देना है। रेड रिबन क्लब युवाओं को यौन रोग, स्वस्थ यौन व्यवहार और उससे संबंधित मुद्दों पर सही जानकारी प्रदान करने का कार्य करेगा।




रांची वीमेंस कॉलेज में एनएसएस इकाई का रेड रिबन क्लब गठित किया गया।

प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार ने कहा कि रेड रिबन क्लब में युवा जीवन के विभिन्न पहलुओं पर खुलकर चर्चा होगी। डॉ कुमारी भारती सिंह ने बताया कि कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रत्येक यूनिट से 20 छात्राएं रेड रिबन क्लब की सदस्य बनी हैं।





The NCC Cadets taking firing lessons at Bariatu Firing Range.



Scanned with CamScanner